# राजकीय महाविद्यालय बिछीवाड़ा (डूंगरपुर)

## विद्या सम्बल योजना

### आवेदन – पत्र

Affix latest
Photo with
signature

1. आवेदक का नाम -
2. जन्म-तिथि -
3. विभाग (विषय ) -
4. फोन न. -
5. पता -
6. ई-मेल -
7. वर्तमान पद एवं स्थान -
8. शैक्षणिक योग्यता -



Scanned with CamScanner

<table>
<tr><th rowspan="2">उत्तीर्ण परीक्षा</th><th rowspan="2">वर्ष</th><th rowspan="2">विषय</th><th rowspan="2">अधिकतम अंक / प्राप्तांक</th><th rowspan="2">प्राप्तांक (%)</th><th rowspan="2">श्रेणी</th><th colspan="2">टिप्पणी (समिति द्वारा)</th></tr>
<tr><th>अधिकतम अंक</th><th>प्राप्तांक</th></tr>
<tr><td>(1) माध्यमिक</td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>(2) उच्च माध्यमिक</td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>(3) स्नातक</td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>(4) स्नातकोत्तर</td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>(5) जे आर एफ/ नेट/सेट</td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>(6) एम् फिल</td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>(7) पीएच. डी</td><td></td><td colspan="4"></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>(8)शिक्षण अनुभव(वर्षो में) /पोस्ट डाक्टरल अनुभव</td><td colspan="5"></td><td></td><td></td></tr>
</table>



Scanned with CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| (9) शोध प्रकाशन (सहकर्मी द्वारा समीक्षित अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा सूचीबद्ध जर्नल में प्रकाशित शोध प्रकाशन) | | | |
| (10) पुरस्कार अंतर्राष्ट्रीय / राष्ट्रीय स्तर (अंतर्राष्ट्रीय संगठनो / भारत सरकार/ भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय स्तर के निकायों द्वारा दिए गए पुरस्कार),राज्य स्तरीय | | | |
| (11) राज्य सरकार द्वारा दिए गए पुरस्कार | | | |
| अन्य | | | |
| **योग**<br>(कार्यालय उपयोग हेतु) | | | |

**आवेदक के हस्ताक्षर**



Scanned with CamScanner

# प्रारूप

## शपथ पत्र

मैं श्री/श्रीमती/कुमारी ........................................................... पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री .........................
... विभाग ........................................................ (संस्थान का नाम) में दिनांक .................................. को गैस्ट फैकल्टी के रूप में अपनी उपस्थिति दे रहा हूँ/ दे रही हूँ।

1. यह है कि मैने ............................................... विभाग/संस्थान द्वारा जारी विज्ञापन दिनांक ...................... के क्रम में अपना आवेदन प्रस्तुत किया हैं तथा मैने विज्ञापन में वर्णित शर्तो को पढ व समझ लिया है तथा उन शर्तो की पालना हेतु वचनबद्ध हूँ।

2. यह है कि मैने राजस्थान सरकार के वित्त (सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम) विभाग के परिपत्र क्रमांक प.6(2) वित्त साविलेनि 2021 दिनांक ................................ को अच्छे से पढ/समझ लिया है।

3. यह कि मेरे द्वारा आवेदन पत्र में भरी गयी समसत सूचनाएं पूर्णतया सत्य है तथा कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है।

4. यह कि मेरे द्वारा जमा किये गये समस्त शैक्षिक/प्रशिक्षण संबंधी मूल अभिलेख एवं अन्य दस्तावेज जो विभाग द्वारा अपेक्षित है (यथा पहचान पत्र जो आवेदन पत्र में अंकित हो, न्यूनतम शैक्षिक पात्रता परीक्षा में प्रापत प्राप्तांक, निवास, जाति, विकलांगता, भू.पू.सै. स्वयं से संबंधित प्रमाण पत्र) पूर्णतया सही है।

5. यह कि मेरे द्वारा प्रस्तुत किये गये समस्त मूल अभिलेख एवं अन्य सूचनाएं यदि जांच के दौरान कूटरचित/फर्जी अथवा गलत पायी जाती है तो मुझे गेस्ट फेकल्टी से निर्मुक्त कर दिया जाएगा। जिला स्तरीय समिति के empellement से निर्मुक्त करते हुए मेरे विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही मुझे स्वीकार्य होगी जिसके लिए किसी भी न्यायालय में वाद दायर नहीं करूंगा/करूंगी।

6. यह है कि मै कार्य निष्पादन के दौरान निर्धारित उच्च मानदंडों के अनुसार अपनी सेवाएं प्रदान करूंगा/करूंगी तथा यदि मै इसका उल्लंघन करता हूँ/करती हूँ तो संस्था एक तरफा कार्यवाही हेतु स्वतंत्र तथा अधिकृत होगी।

7. यह कि मैं स्थान परिवर्तन की मांग नहीं करूंगा/करूंगी।

8. यह है कि मै इस तथ्य से भलिभांति अवगत हूँ कि जिस रिक्त पद के विरूद्ध शपथग्रहिता को गैस्ट फैकल्टी पर रखा गया है उस पद के स्थानान्तरण/नवीन नियुक्ति द्वारा रिक्त पद के भरे जाने पर गैस्ट फैकल्टी की व्यवस्था स्वतः समाप्त समझी जायेगी तथा किसी विषय में एक से अधिक शिक्षक के होने पर आमन्त्रित शिक्षकों को उनकी बनायी गयी वरीयता सूची में सबसे नीचे स्थान वाले शिक्षक को सबसे पहले मुक्त किया जायेगा।

9. यह है कि मैने यह अच्छे से समझ लिया है कि यह व्यवस्था पूर्ण रूप से अस्थायी तथा एक सेमेस्टर या एक सेशन के लिये है तथा भविष्य में इसके आधार पर नियमित नियुक्ति का दावा नहीं करूंगा/करूंगी।

10. इस व्यवस्था से नियमित नियुक्ति या अन्य किसी भी कारण से मुझे यदि गैस्ट फैकल्टी के रूप में नहीं बुलाया जाता है तो मेरे द्वारा न्यायिक या प्रशासनिक स्तर पर कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया जायेगा।

Scanned with CamScanner

11. मैं राज्य सरकार/विभाग/संस्थान द्वारा समय–समय पर जारी नियमों/निर्देशों की पूर्ण पालना करूंगा/करूंगी।

12. यह कि मुझे केन्द्र सरकार या किसी अन्य राज्य सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकारी अथवा समुचित प्राधिकारी के स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन किसी निगम या निकाय अथवा विभाग द्वारा पदच्युत नहीं किया गया है तथा नैतिक अधमता अथवा किसी अन्य अपराध के लिए दोष सिद्ध नहीं किया गया है और नही कोई आपराधिक प्रकरण न्यायालय में लंबित है।

13. मैंने यह समझ लिया है कि निम्न कार्य कुशलता, दुराचरण, अनियमितता तथा कार्य से अनुपस्थिति की दशा में संस्थान या सक्षम अधिकारी को बिना कारण बताये मुझे गेस्ट फेकल्टी के रूप में निर्मुक्त करने का अधिकार होगा।

14. मैं राजकीय अभिलेख तथा सूचनाओं की गोपनीयता बनाये रखूंगा/रखूंगी तथा इसका उल्लंघन करने पर नियमानुसार दण्डीय कार्यवाही का उत्तरदायी होउंगा/होउंगी।

15. यह कि मुझे ज्ञात है कि चूंकि यह व्यवस्था प्रति कालांश मानदेय भुगतान पर अधारित है अतः शपथग्रहिता को किसी प्रकार का अवकाश देय नहीं होगा।

शपथग्रहिता

**सत्यापन**

मैं शपथपूर्वक बयान करता हूँ/करती हूँ कि उपर्युक्त वर्णित बिंदु संख्या 01 से 15 में वर्णित तथ्य/सूचना मेरी जानकारी में सही तथा सत्य हैं, मैने इनको भलिभांति पढ तथा समझ लिया है, मैने कुछ भी असत्य व्यक्ति नहीं किया है तथ न ही कुछ छिपाया है। यदि भविष्य में कोई सूचना/तथ्य असत्य या अपूर्ण सिद्ध होता है तो मैं स्वयं इसके लिये उत्तदायी रहूंगा/रहूंगी।

शपथग्रहिता

Scanned with CamScanner